राजभाषा प्रभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 (भारत)
**Rajbhasha Prabhag**
**Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad**
Prayagraj-211004 (India)

# कार्यवृत्त

**विषय: मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 27 दिसम्बर, 2021 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिन्दी सलाहकार समिति की वित्तीय वर्ष 2021-22 की तृतीय तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 27.12.2021 दोपहर 12.00 बजे प्रो0 राजीव त्रिपाठी, निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद की अध्यक्षता में आनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुई।

**उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 राजीव त्रिपाठी, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नीरज त्यागी, आचार्य, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | प्रो0 गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) | - | सदस्य |
| 5. | प्रो0 रमाशंकर यादव, अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श) | - | सदस्य |
| 6. | प्रो0 कैलाश नारायण पाण्डेय, अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) | - | सदस्य |
| 7. | प्रो0 राजेन्द्र कुमार नागरिया, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | प्रो0 राजेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 9. | प्रो0 हरि शरण गोयल, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | प्रो0 धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष, जानपद अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 12. | डा0 नरेश कुमार, विभागाध्यक्ष,भौतिकी विभाग | - | सदस्य |
| 13. | डा0 तमाल घोष, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 14. | डा0 अभिषेक कुमार, विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 15. | डा0 रवीन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 16. | डा0 विभूति त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग | - | सदस्य |
| 17. | डा0 विष्णु अग्रवाल, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 18. | डा0 मुकेश कुमार, कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | - | सदस्य |
| 19. | डा0 सिराज आलम , कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 20. | डा0 राम जी द्विवेदी , सहायक आचार्य (ग्रेड-I), भौगोलिक सूचना प्रकोष्ठ प्रणाली | - | सदस्य |
| 21. | डा0 सर्वेश कुमार तिवारी, कुलसचिव | - | सदस्य |

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1: दिनांक 24 सितंबर, 2021 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 24 सितंबर, 2021 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 2: संस्थान की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा :-**

- अध्यक्ष महोदय ने कार्यालयीन कार्यालयों में हिंदी के बढते प्रयोग एवं हिन्दी पत्राचार की स्थिति पर विभिन्न कार्यालयों/विभागों में हो रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 90% से अधिक कार्य हिन्दी में हो रहा है उनकी प्रशंसा की तथा जिन कार्यालयों में हिंदी के कार्य में पिछली तिमाही के सापेक्ष कुछ कमी आयी है उन्हें विशेष प्रयास करने के निदेश दिए ताकि आगे स्थिति सुखद हो सके।
- अध्यक्ष महोदय ने पिछली तिमाही मे संस्थान का समेकित हिंदी पत्राचार के 81% होने से सभी विभागाध्यक्ष/अधिष्ठातागण/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी के सफल प्रयास की सराहना की। उन्होंने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि आंकड़े भेजने से पूर्व रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने वाले पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि पिछली तिमाही के सापेक्ष वर्तमान स्थिति में सुधार हुआ है तथा आंकड़े पूर्णतया सही हैं।
- समीक्षा के दौरान संस्थान के हिंदी अधिकारी श्री प्रकाश चंद्र मिश्र ने समिति को अवगत कराया कि पिछली तिमाही के दौरान संस्थान में फाइलों पर 76.67% टिप्पणियां हिंदी में लिखी गईं जो कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 75% लक्ष्य से अधिक है। अध्यक्ष महोदय ने इसके लिये सभी सदस्यों को बधाई दी तथा इसी प्रकार के प्रयास को जारी रखने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने यह भी सूचित किया है कि नराकास के अध्यक्ष होने के नाते संस्थान का दायित्व है कि हम राजभाषा के लक्ष्यों को प्राप्त करने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें।

**मद सं. 3: धारा 3(3) एवं नियम 5 पर विचार- विमर्श :-**

- आंकड़ों की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने यह पाया कि विभिन्न गणमान्य सदस्यों के कार्यालयों/विभागों में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं नियम 5 का समुचित अनुपालन हो रहा है इसके लिए सभी सदस्यगण साधुवाद के पात्र हैं। इस बिन्दु पर आगे भी हमें बहुत सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है ताकि संस्थान में राजभाषा के प्रावधानों का समुचित अनुपालन होता रहे।

**मद सं. 4: हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

- वर्तमान तिमाही के दौरान जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दिनांक 30.12.2021 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।
- समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संस्थान के आगामी तिमाही (जनवरी से मार्च 2022) के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा कराया जाए।
- समिति में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी कार्यशालाओं में संस्थान के नवागत कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए नामांकन में वरीयता दी जाए ताकि राजभाषा के प्रावधानों से वे भी भलीभांति अवगत हो सकें।

सर्वेश
29/12

**मद सं. 5:** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय**

- अध्यक्ष महोदय ने पिछली तिमाही मे संस्थान के हिन्दी पत्राचार में वृद्धि तथा हिन्दी टिप्पणी के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने पर सभी विभागाध्यक्ष/अधिष्ठातागण/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी को धन्यवाद दिया तथा इसी प्रयास को आगे भी जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

- अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**(सर्वेश कुमार तिवारी)** **(रामजी द्विवेदी )** **(सिराज आलम)**

**(मुकेश कुमार)** **(विष्णु अग्रवाल)** **( विभूति त्रिपाठी)**

**(रवीन्द्र त्रिपाठी)** **(अभिषेक कुमार)** **(तमाल घोष)**

**(नरेश कुमार)** **(प्रदीप कुमार मेहता )** **(धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा)**

**(हरि शरण गौयल)** **(राजेश गुप्ता)** **(राजेन्द्र कुमार नागरिया)**

**(कैलाश नारायण पाण्डेय)** **(रमाशंकर यादव)** **(गीतिका)**

**(मनोज माधव गोरे)** **(नीरज त्यागी)**

**(राजीव त्रिपाठी)**